जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, अल्मोड़ा

आख्या सत्र 2023–24

पाँच दिवसीय अर्थशास्त्र विषय में प्रोजेक्ट निर्माण कार्यशाला

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा एवं परीक्षा परिषद्, रामनगर, नैनीताल द्वारा उच्च माध्यमिक स्तर पर अन्य विषयों के साथ–साथ अर्थशास्त्र विषय में भी प्रोजेक्ट निर्माण के लिए अध्यापकों एवं छात्रों हेतु गुणांक निर्धारित किया गया है जिसके अन्तर्गत अर्थशास्त्र विषय में 80 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 20 अंकों का प्रोजेक्ट निर्माण निर्धारित किया गया है।

अध्यापकों एवं छात्रों में प्रोजेक्ट निर्माण के विभिन्न चरण (एन0 सी0 ई0 आर0 टी0) प्रारूप के आधार पर पाँच दिवसीय तीन कार्यशालाओं का आयोजन दिनांक 09 से 13 अक्टूबर, 2023 तक, 30 नवम्बर से 04 दिसम्बर, 2023 तक एवं 11 से 15 दिसम्बर, 2023 तक क्रमशः जनपद के अवशेष अर्थशास्त्र प्रवक्ताओं एवं चयनित विद्यालयों के कक्षा 11 के छात्रों हेतु किया गया। इस प्रकार 28 अर्थशास्त्र प्रवक्ताओं एवं 118 छात्रों को अर्थशास्त्र विषय में प्रोजेक्ट निर्माण के विभिन्न चरण, प्रोजेक्ट निर्माण क्यों और कैसे, प्रोजेक्ट निर्माण का महत्व आदि के बारे में अवगत कराया। तदुपरान्त सर्वप्रथम समूह में एवं उसके पश्चात व्यक्तिगत आदर्श प्रोजेक्ट निर्माण एवं प्रस्तुतिकरण किया गया। ज़िससे उक्त कार्यशाला का उद्देश्य पूर्ण हो सके।

प्राचार्य

डायट, अल्मोड़ा